**16.1** PETRONAS की संपत्तियों, सुविधाओं, संसाधनों या रिकॉर्ड तक पहुँच और उन पर अधिकार इस विश्वास और भरोसे के आधार पर दिया जाता है कि उनका इस्तेमाल PETRONAS के व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। ये संपत्तियाँ मूर्त हो सकती हैं—उदाहरण के लिए, कंप्यूटर हार्डवेयर या नकद सहित उपकरण—या वे अमूर्त हो सकती हैं, जैसे कि बौद्धिक संपदा और कंप्यूटर सॉफ़्टवेयर।

**16.2** PETRONAS की उन सभी संपत्तियों, सुविधाओं, संसाधनों और रिकॉर्ड्स की सुरक्षा करना आपकी ज़िम्मेदारी है, जो आपको अपने कर्तव्यों का निर्वाह करने के लिए दिए जाते हैं। आपको सभी संपत्तियों, सुविधाओं, संसाधनों और रिकॉर्ड का इस्तेमाल करते वक्त, समय-समय पर संशोधित और अपडेट की जाने वाली PETRONAS की सभी नीतियों और प्रक्रियाओं पर अमल करना होगा और उनका अनुपालन करना होगा।

**16.3** आपको PETRONAS की संपत्तियों, संयंत्रों, संसाधनों और रिकॉर्ड्स की चोरी, क्षति या उनके दुरुपयोग को रोकने के लिए सभी ज़रूरी कदम उठाने होंगे और इसकी जानकारी जानकारी PETRONAS को तुरंत देनी होगी। PETRONAS की संपत्तियों, सुविधाओं, संसाधनों और रिकॉर्ड्स की दशा या मूल्य चाहे कैसी भी हो, PETRONAS के उचित और विशिष्ट प्राधिकार के बिना उनका न तो दुरुपयोग किया जा सकता है और न ही उन्हें लिया, बेचा, उधार पर दिया, भेंट किया या अन्यथा निपटान किया अथवा निजी उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

**16.4** लागू कानूनों के अंतर्गत, आप जानबूझकर किए गए कदाचार या लापरवाही या उपेक्षा की वजह से या PETRONAS की मंजूरी के बिना उठाए गए कदमों के परिणामस्वरूप संपत्तियों, सुविधाओं, संसाधनों और रिकॉर्ड को हुई किसी भी क्षति या नुकसान के लिए ज़िम्मेदार हो सकते हैं और PETRONAS को होने वाले किसी भी आर्थिक नुकसान की भरपाई आपके वेतन या अन्य तरीकों से की जा सकती है। लागू कानून की सीमाओं के भीतर, PETRONAS अपने विवेक पर PETRONAS द्वारा उचित समझे जाने वाले आपके खिलाफ कोई अन्य कार्रवाई कर सकता है, जिसमें लोक अधिकारियों से आपकी रिपोर्ट करना भी शामिल है।

संदर्भ दस्तावेज़
- PETRONAS CoBE गाइड

# भाग II E: वित्तीय ईमानदारी

## 17. आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाएँ

**17.1** PETRONAS की वित्तीय रिपोर्ट और रिकॉर्ड की अखंडता और सटीकता की सुरक्षा और उसका समर्थन करने के लिए आपको समय-समय पर स्थापित सभी कानूनों, नीतियों और प्रक्रियाओं का अनुपालन करना होगा। इस संबंध में, आपको ये कार्य (जिनमें निम्नलिखित कार्य शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं) नहीं करने चाहिए:

a) स्थापित, सामान्य प्रक्रियाओं के अनुसार या दस्तावेज़ प्रतिधारण से संबंधित आंतरिक प्रक्रियाओं में बताए गए तरीके के अलावा और किसी भी तरीके से PETRONAS के रिकॉर्ड या दस्तावेज़ों को छिपा, बदल, नष्ट या अन्यथा संशोधित नहीं कर सकते (और किसी भी छानबीन अथवा ऑडिट को बाधित नहीं कर सकते या उसमें रुकावट पैदा नहीं कर सकते अथवा जानकारी को छिपा नहीं सकते या उसकी गलतबयानी नहीं कर सकते)।

b) किसी रिकॉर्ड, रिपोर्ट, फ़ाइल या दावे (यात्रा और मनोरंजन व्यय रिपोर्ट सहित) में जानबूझकर झूठी या भ्रामक प्रविष्टि नहीं कर सकते।

c) ऐसे खाते, कंपनियाँ या व्यवस्थाएँ स्थापित नहीं कर सकते, जो PETRONAS के नियंत्रणों, नीतियों या प्रक्रियाओं पर असर डाल सकती हैं या उन्हें दरकिनार कर सकती हैं अथवा उन्हें बाधित कर सकती हैं।

d) PETRONAS द्वारा अधिकृत आंतरिक और बाहरी ऑडिट के साथ पूरी तरह से और ईमानदारी से सहयोग करने में नाकाम नहीं हो सकते।

e) ऐसी किसी भी योजना में शामिल नहीं हो सकते, जो दूसरों के साथ धन, संपत्ति या सेवाओं के मामले में धोखाधड़ी करती हो।

**17.2** आपको समय-समय पर स्थापित की जाने वाली उन सभी नीतियों और प्रक्रियाओं का भी पालन करना होगा, जो PETRONAS की वित्तीय रिपोर्ट और रिकॉर्ड को तैयार करने, उनका रख-रखाव करने और उनका निपटान करने से संबंधित हैं।

संदर्भ दस्तावेज़
- PETRONAS CoBE गाइड

# भाग II F: गोपनीयता के कर्तव्य/बौद्धकि संपदा/ लोक संचार

## 18. गोपनीयता के कर्तव्य

**18.1** PETRONAS के व्यावसायकि मामले, जानकारी और रकॉर्ड, जनिमें व्यवसाय, तकनीकी, वत्तिीय, कानूनी, कर्मी और संवदिात्मक रकॉर्ड, डेटा और दस्तावेज़ शामलि हैं, जनिमें ई-मेल, पत्र, नक्शे, रपिोर्ट, चत्रि, गणना, वनिर्दिेश, सूत्र, फ़ॉर्म, लाइसेंस, समझौते और/या अन्य दस्तावेज़ या कंप्यूटर/डजिटिल सॉफ़्टवेयर/प्रौद्योगकिी या सूत्र, प्रक्रयिाओं और वनिर्माण वधियिों से संबंधति जसि कसिी भी प्रकृतिऔर जानकारी की फ़ाइलें शामलि हैं, वे सभी PETRONAS से संबंधति गोपनीय जानकारी हैं। ऐसी गोपनीय जानकारी पूरण रूप से नजिी और गोपनीय होती है और अधकिृत व्यक्तयिों को छोड़कर, उन्हें PETRONAS के अंदर या बाहर के लोगों के साथ न तो इस्तेमाल कयिा जा सकता है, न उनके बारे में चर्चा की जा सकती है, न उन्हें प्रकट कयिा जा सकता है और न ही उन्हें उजागर कयिा जा सकता है। इस तरह की गोपनीय जानकारी की गोपनीयता को बरकरार रखने के संबंध में आपको सभी ज़रूरी सावधानयिाँ बरतनी होंगी।

**18.2** आप अपने रोज़गार या संलप्तिता के दौरान या उसके बाद, ऐसी कसिी भी गोपनीय जानकारी का खुलासा, प्रकटीकरण या इस्तेमाल नहीं कर सकते, जो PETRONAS के साथ सेवा के कसिी भी पछिले अनुबंध के तहत आपके रोज़गार या संलप्तिता के दौरान आपकी जानकारी में आ सकती है और आपको अपने रोज़गार या संलप्तिता के दौरान और बाद में, ऐसी सभी गोपनीय जानकारी को गुप्त रखने के लएि सभी समुचति सावधानयिाँ बरतनी होंगी।

**18.3** आपके कर्तव्यों का पालन करने के उद्देश्य के अलावा, आप PETRONAS की सहमतिके बनिा, ऐसी गोपनीय जानकारी या उसके नोटसि की मूल या प्रतयिाँ नहीं रख सकते हैं या नहीं बना सकते हैं, न ही उन नमूनों के सैम्पल रख सकते हैं, जनिमें PETRONAS की दलिचस्पी हो सकती है या रही होगी और जो आपके रोज़गार या संलप्तिता के कारण आपके अधकिार में आए हैं। अगर आपके रोज़गार या संलप्तिता की समाप्तपिर, पूर्वोक्त कोई भी गोपनीय जानकारी या ऐसा कोई भी नमूना या सैम्पल के आपके अधकिार में है, तो आप PETRONAS को अपने रोज़गार/ संलप्तिता की समाप्तकिी तारीख को या उससे पहले बनिा माँगे ही लौटा देंगे, बशर्ते PETRONAS ने आपको उन्हें आपको अपने पास रखने की अनुमतनि दी हो।

**18.4** हो सकता है आपने PETRONAS के साथ अपने संबंध के दौरान, PETRONAS के विक्रेताओं, आपूर्तकर्ताओं, ठेकेदारों, प्रिंसिपल और अन्य व्यावसायिक भागीदारों के साथ संपर्क और संबंध स्थापित किए हों। PETRONAS के साथ आपके संबंध समाप्त होने के बाद या PETRONAS के साथ आपके संबंध के दौरान या दो साल की अवधि के लिए (या आपके द्वारा लागू इस कोड के लिए आपकी संलिप्तता या देश के अनुपूरक की शर्तों में निर्दिष्ट किसी भी अन्य अवधि के लिए) आप इस्तीफ़ा देकर या किसी दूसरे तरीके से PETRONAS के साथ आपके संबंध समाप्त करने के बाद, PETRONAS के साथ आपके संबंधों के कारण पैदा हुआ व्यावसायिक अवसरों का उपयोग नहीं करेंगे या PETRONAS को मिलने वाले इस तरह के व्यावसायिक अवसरों का रुख नहीं मोड़ेंगे या ऐसा करने की कोशिश नहीं करेंगे या PETRONAS की पूर्व सहमति प्राप्त किए बिना PETRONAS के अनुबंधों, एजेंसियों या अन्य व्यावसायिक संबंधों को समाप्त नहीं करेंगे या ऐसा करने की कोशिश नहीं करेंगे।

**18.5** आप किसी भी समय, PETRONAS के साथ अपने कार्यकाल की समाप्ति के बाद, चाहे इस्तीफ़ा देकर या किसी अन्य प्रकार से, इस तरह की गोपनीय जानकारी का भरोसा बनाए रखने के लिए PETRONAS की गोपनीय जानकारी का इस्तेमाल अपने कार्यकाल के बाद के दायित्वों का उल्लंघन करने के लिए नहीं करेंगे।

**18.6** एक ओर जहाँ PETRONAS उन लोगों को काम पर रख सकता है, जिनके पास विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों का ज्ञान और अनुभव है, वहीं आपको PETRONAS की ओर से या उसके फ़ायदे के लिए दूसरों के व्यापार रहस्यों और अन्य संवेदनशील मालकिाना जानकारी तक पहुँच हासिल करने के लिए लोगों को नियुक्त नहीं करना चाहिए।

संदर्भ दस्तावेज़
- PETRONAS CoBE गाइड

## 19. व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा

**19.1** आपको PETRONAS की कॉर्पोरेट निजता नीति का अनुपालन करना होगा, जिसे PETRONAS की अन्य लागू आंतरिक व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा और गोपनीयता नीतियों, प्रक्रियाओं और दिशानिर्देशों के साथ पढ़ा जाना चाहिए।

**19.2** आपको हर उस देश के व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा कानूनों का भी पालन करना होगा, जहाँ PETRONAS अपना व्यवसाय संचालित है (जहाँ लागू हो)।

**19.3** आपको पक्का करना होगा कि ग्राहकों, कर्मचारियों, शेयरधारकों, व्यावसायिक भागीदारों, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं, सेवा प्रदाताओं, सरकारी अधिकारियों के व्यक्तिगत डेटा जैसे किसी भी पक्ष के निजी डेटा को संभालते समय हर समय PETRONAS की कॉर्पोरेट गोपनीयता नीति और व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा और गोपनीयता को नियंत्रित करने वाले कानूनों और विनियमों का अनुपालन किया जाता है।

**19.4** किसी भी उल्लंघन या PETRONAS कॉर्पोरेट गोपनीयता नीति या लागू व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा कानूनों या विनियमों के उल्लंघन को कदाचार और इस संहिता का उल्लंघन माना जा सकता है, जिसके लिए आपके खिलाफ़ उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

**19.5** लागू व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा कानूनों और/या संबंधित आंतरिक नीतियों, प्रक्रियाओं, दिशानिर्देशों या मैनुअल के साथ आपकी डेटा प्रोसेसिंग गतिविधियों के अनुपालन को लेकर कोई भी संदेह होने पर, कृपया LCD या अपने PETRONAS संपर्क सूत्र से संपर्क करें।

## 20. भेदिया व्यापार

**20.1** आपको PETRONAS और उसके प्रतिद्वंद्वियों की गोपनीय व्यावसायिक जानकारी की सुरक्षा करनी होगी और कभी भी इसका इस्तेमाल अपने या दूसरों के फ़ायदे के लिए नहीं करना चाहिए—खासतौर से शेयरों या अन्य प्रतिभूतियों का व्यापार न करें या किसी तीसरे पक्ष को ऐसा करने की सलाह या वजह न दें।

**20.2** आपको भेदिया व्यापार पर लागू होने वाले सभी कानूनों का पालन करना होगा, जो आमतौर पर तब होता है जब आप शेयरों या अन्य प्रतिभूतियों का व्यापार उस वक्त करते हैं, जब आपके पास भौतिक गैर-सार्वजनिक जानकारी होती है या जब आप ऐसी जानकारी किसी दूसरे व्यक्ति को देते हैं और वह व्यक्ति उन्हीं शेयरों या अन्य प्रतिभूतियों का व्यापार करता है। खासतौर से, जब आपके पास भौतिक गैर-सार्वजनिक जानकारी हो, तो आपको PETRONAS समूह की कंपनियों की प्रतिभूतियों (या उन प्रतिभूतियों के संबंध में अन्य सट्टा लेन-देन) का व्यापार नहीं करना चाहिए। PETRONAS के साथ अपने संबंधों के चलते जिन निदेशकों, कर्मचारियों, उनके संबंधित परिवारों/कुटुंब और अन्य लोगों के पास इस तरह की जानकारी तक पहुँच होती है, हम उन सभी से अपेक्षा करते हैं कि वे ऐसी जानकारी को संभालने से संबंधित अन्य कानूनों, नियमों और नीतियों के साथ-साथ इन सिद्धांतों का पालन करेंगे। "भौतिक गैर-सार्वजनिक जानकारी" आमतौर पर गैर-सार्वजनिक जानकारी होती है, जो एक उचित निवेशक के लिए प्रतिभूतियों को खरीदने या बेचने का निर्णय लेते समय महत्त्वपूर्ण होती है। यहाँ बताए गए प्रतिबंध उन न्यायक्षेत्रों में "मूल्य संवेदनशील जानकारी" या इसी तरह की अन्य प्रकार की जानकारी पर भी लागू होते हैं, जहाँ लागू भेदिया व्यापार कानून उस तरह की जानकारी का हवाला देते हैं।

**20.3** आपको प्रतिभूति बाज़ार के दुरुपयोग पर लागू होने वाले सभी कानूनों का पालन भी करना होगा, जिसमें झूठी जानकारी फैलाना या शेयर बाज़ार में खरीदी-बेची जाने वाली प्रतिभूतियों के लिए बाज़ार में हेर-फेर करने के इरादे से डिज़ाइन की गई गतिविधियों में लिप्त होने जैसे कृत्य शामिल हैं।

## 21. आविष्कार और कंप्यूटर प्रोग्राम

**21.1** PETRONAS आपको आविष्कार और नवाचार अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस तरह की आविष्कारशीलता और नवाचार PETRONAS के प्रति आपके सामान्य कर्तव्यों का हिस्सा हैं।

**21.2** लागू कानून की आवश्यकताओं के तहत, PETRONAS के लिए काम करते समय या अपने कर्तव्यों का निर्वाह करते समय या PETRONAS के संसाधनों, डेटा और/या समय को नियोजित करते समय, आपकी बनाई गई बौद्धिक संपदा का स्वामित्व PETRONAS के पास रहेगा। फिर भी, लागू कानून की आवश्यकताओं के तहत, PETRONAS आपको अपनी विवेकशीलता के अनुसार उचित लगने पर इनाम दे सकता है।

**21.3** ऊपर दिए गए सेक्शन 21.2 के अलावा, आप किसी भी ट्रेडमार्क, पेटेंट या रजिस्टर्ड डिज़ाइन के लिए आवेदन नहीं कर सकते या ऐसी बौद्धिक संपदा के लिए या अपने नाम पर कॉपीराइट का दावा नहीं कर सकते।

**21.4** आप PETRONAS की लिखित सहमति के बिना, PETRONAS और उसके विधिवत अधिकृत सलाहकारों/एजेंट को छोड़कर किसी भी व्यक्ति या तीसरे पक्ष के समक्ष इस तरह की बौद्धिक संपदा या उससे संबंधित किसी भी जानकारी का खुलासा नहीं कर सकते।

**21.5** इस सेक्शन के तहत मिले अपने अधिकारों के संबंध में किसी भी पूर्वाग्रह के बिना, PETRONAS कुछ खास मामलों में मूल कागज़ात को उचित प्रारूप में प्रकाशित करने की अनुमति के लिए आपके अनुरोधों पर विचार करने के लिए तैयार है, बशर्ते PETRONAS की राय में उसकी विषय-वस्तु समुदाय के लिए लाभकारी हो और उसका प्रकटीकरण PETRONAS के लिए हानिकारक साबित न हो।

**21.6** इस सेक्शन में, "बौद्धिक संपदा" का आशय दुनिया के किसी भी हिस्से में, किसी भी समय कानून के तहत मौजूद किसी भी सामग्री (आविष्कार, कंप्यूटर प्रोग्राम या तकनीकी शोध के नतीजों सहित) से संबंधित किसी भी पंजीकृत या अपंजीकृत पेटेंट, तकनीकी ज्ञान, कॉपीराइट, औद्योगिक डिज़ाइन, ट्रेडमार्क या सेवा चिह्न, गोपनीय जानकारी (पूर्वोक्त अधिकारों के पंजीकरण के आवेदन सहित) के साथ-साथ किसी भी प्रकृति की अन्य किसी भी बौद्धिक संपदा या औद्योगिक संपदा अधिकार से है।

**21.7** इसके अलावा, "कंप्यूटर प्रोग्राम" शब्द का आशय ऐसे किसी भी कंप्यूटर प्रोग्राम, सॉफ़्टवेयर, डिजिटल समाधान, स्क्रिप्ट या अन्य कंप्यूटर निर्देश या डिजिटल तकनीक से है, जो PETRONAS के किसी भी व्यवसाय और प्रक्रियाओं से संबंधित है।

**21.8** अगर आप अपने रोज़गार के दौरान या PETRONAS के साथ अपनी संलिप्तता के दौरान कोई आविष्कार करते हैं, तो आपको आविष्कार का विवरण गोपनीय रखना होगा और PETRONAS के बाहर किसी भी तीसरे पक्ष को आविष्कार का खुलासा नहीं करना होगा। आपको जितनी जल्दी हो सके अपने HoD या अन्य पदनामित कर्मियों को आविष्कार के बारे में सूचित करना होगा।

**21.9** ऊपर दिए गए सेक्शन 21.8 के अलावा, PETRONAS के अनुरोध पर, आप PETRONAS को ऐसी बौद्धिक संपदा में हित प्रदान करने के लिए कानून के तहत ज़रूरी या किसी भी फ़ॉर्म या समझौते पर अमल करेंगे।

## 22. तीसरे पक्ष की बौद्धिक संपदा

**22.1** आपको पेटेंट, कॉपीराइट, व्यापार रहस्य और अन्य मालिकाना जानकारी सहित अन्य पक्षों के मान्य बौद्धिक संपदा अधिकारों पर लागू होने वाले सभी कानूनों, नियमों और संविदात्मक दायित्वों का पालन करना होगा। आपको अन्य पक्षों के संरक्षित बौद्धिक संपदा अधिकारों का उल्लंघन का अधिकार नहीं है। आपको यह सुनिश्चित करने के उचित कदम उठाने होंगे कि आपके काम, रोज़गार या संलिप्तता के दौरान आपके द्वारा इस्तेमाल या पुनरुत्पादित की जाने वाली जानकारी, डेटा, सामग्री या तकनीक (डिजिटल सॉफ़्टवेयर/समाधानों सहित) किसी भी तीसरे पक्ष के बौद्धिक संपदा अधिकारों का उल्लंघन नहीं करती।

## 23. सामग्री का प्रकाशन

**23.1** PETRONAS की लिखित अनुमति के अलावा, आप ऐसी कोई भी किताब या अन्य कार्य प्रकाशित नहीं करेंगे या नहीं लिखेंगे, जो PETRONAS की गोपनीय जानकारी पर आधारित हो, जैसा कि सेक्शन 18.1 में उल्लिखित है।

**23.2** अगर अनुमति दी जाती है, तो यह निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:

a) प्रस्तावित प्रकाशन को इस तरह से प्रकाशित नहीं किया जाएगा या इसका मतलब यह नहीं होगा कि PETRONAS उसका आधिकारिक रूप से समर्थन या अनुमोदन अथवा प्रायोजन करता है; तथा

b) प्रस्तावित प्रकाशन में किसी भी परिस्थिति में, “PETRONAS अनुमोदित प्रकाशन” या ऐसा अर्थ देने वाले शब्द नहीं होंगे, हालाँकि इस वाक्यांश का इस्तेमाल यह सुझाने के लिए जा सकता है कि PETRONAS द्वारा प्रकाशन की सहमति या मंज़ूरी दी गई है।

**23.3** PETRONAS विशेषज्ञ कार्यक्रम में कुछ श्रेणी के कर्मचारी (जैसे, कुछ इंजीनियर और तकनीकी जानकार) सेक्शन 23.2 में उल्लिखित शर्तों के अधीन नहीं आते, लेकिन PETRONAS की जानकारी और डेटा पर आधारित किताबों, लेखों, पत्रिकाओं, प्रस्तुत सामग्री या अन्य कार्यों के प्रकाशन के लिए PETRONAS की पूर्व-समीक्षा और उचित प्राधिकरण की आवश्यकता होगी। इस संबंध में आपके HoD या आपके PETRONAS के संपर्क सूत्र से सवाल पूछे जा सकते हैं।

## 24. सार्वजनिक बयान देना

**24.1** आप न तो व्यक्तिगत क्षमता में और न ही आधिकारिक क्षमता में, PETRONAS की नीतियों या फ़ैसलों पर मौखिक रूप से या लिखित रूप में या किसी भी रूप में (सोशल मीडिया वेबसाइटों सहित) कोई भी सार्वजनिक बयान नहीं देंगे या उसे सर्कुलेट नहीं करेंगे या PETRONAS द्वारा किए गए किसी भी उपाय या आपके द्वारा किए गए किसी भी आधिकारिक मामले पर सार्वजनिक रूप से चर्चा नहीं करेंगे। ऐसा तभी किया जा सकता है, जब आपको PETRONAS की ओर से ऐसा बयान देने के लिए विधिवत नियुक्त या अधिकृत किया गया हो।

**24.2** आप मौखिक रूप से या लिखित रूप में या किसी अन्य रूप में (जब तक कि आपको पूर्वोक्त के रूप में नियुक्त या अधिकृत नहीं किया जाता है), उस विभाग या संगठन के काम से संबंधित किसी भी मामले पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं देंगे या टिप्पणी नहीं करेंगे, जिसमें आप कार्यरत हैं या कार्यरत थे या ऐसे किसी भी संगठन के बारे में अपनी तरफ़ कोई भी वक्तव्य नहीं देंगे, जिसके साथ PETRONAS व्यावसायिक लेन-देन करता है:

a) जहाँ इस तरह के बयान या टिप्पणी को PETRONAS की नीति का सूचक समझा जा सकता है;

b) जहाँ इस तरह का बयान या टिप्पणी PETRONAS को शर्मिंदा करती है या शर्मिंदा कर सकती है; और/या

c) जहाँ इस तरह का बयान या टिप्पणी PETRONAS के हितों और प्रतिष्ठा को खतरे में डाल सकती है।

**24.3** इस सेक्शन में, "सार्वजनिक बयान" या "सार्वजनिक रूप से चर्चा" में प्रेस, पत्रिकाओं, आवधिक प्रकाशन और जनता को दिया जाने वाला कोई भी वक्तव्य या टिप्पणी या किसी व्याख्यान अथवा भाषण के दौरान या उसके प्रसारण के वक्त ध्वनि, दृष्टि या इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से कोई भी बयान या टिप्पणी करना शामिल है। यह नियम मेल, इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज़, इंस्टेंट मैसेज, वेबसाइट, सोशल मीडिया टूल, ब्लॉग, कागज़ी दस्तावेज़, फ़ैक्स, वॉइस और वॉइसमेल रिकॉर्डिंग सहित हर तरह के पत्राचार पर भी लागू होता है।

## 25. संदर्भ का हवाला देना

**25.1** आपको संदर्भ, अगर है तो, का हवाला सिर्फ़ गैर-PETRONAS क्षमता में देने की अनुमति दी जाती है और वह भी PETRONAS नाम या PETROAS लोगो वाली स्टेशनरी या कॉर्पोरेट आइडेंटिफ़ायर का इस्तेमाल किए बिना। सिर्फ़ रोज़मर्रा के व्यावसायिक मामलों में पेश आने की आवश्यकताएँ इसका अपवाद हैं।

गैर-PETRONAS आधार पर पूर्वोक्त संदर्भ प्रदान करने में, आप उस पक्ष को सूचित करने के लिए बाध्य हैं जो आपका संदर्भ चाहता है और यह कि आपका संदर्भ सख्ती से उस गैर-PETRONAS क्षमता में दिया गया है।

## 26. सोशल मीडिया/सूचना प्रौद्योगिकी और सिस्टम

**26.1** आपको PETRONAS परिसर, उपकरण या सिस्टम का इस्तेमाल करके पोर्नोग्राफ़ी या अन्य अभद्र या आपत्तिजनक सामग्री को अपलोड, डाउनलोड, भेजना या अन्यथा एक्सेस या स्टोर नहीं करना चाहिए। अश्लील, अपमानजनक, निंदात्मक, कलंकित करने वाली या नस्लवादी टिप्पणियाँ भेजने या फ़ॉरवर्ड करने पर सख्त पाबंदी है। अगर आपको इस तरह की सामग्री मिलती है, तो आपको फ़ौरन PETRONAS प्रबंधन को इसकी सूचना देनी होगी।

**26.2** आपको ऐसी सामग्री को अपलोड, डाउनलोड, भेजना या अन्यथा एक्सेस नहीं करना चाहिए, जिससे आपके सहकर्मियों को झुंझलाहट, असुविधा या आपत्ति हो सकती है, जिसमें अनुचित चुटकुले भी शामिल हैं।

**26.3** PETRONAS IT और कम्युनिकेशन सिस्टम का इस्तेमाल सिर्फ़ PETRONAS के काम और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

**26.4** आपको PETRONAS के आधिकारिक ईमेल या PETRONAS के हेडर या फुटर का इस्तेमाल करके निजी ई-मेल नहीं भेजना चाहिए या फिर यह ज़ाहिर नहीं करना चाहिए कि इस तरह के संदेश PETRONAS द्वारा अधिकृत हैं।

**26.5** आपको PETRONAS की गोपनीय जानकारी भेजने या प्राप्त करने के लिए निजी ईमेल पतों और सेवाओं का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इसी तरह, आप इलेक्ट्रॉनिक मेल को किसी बाहरी मेल पते पर ऑटोमैटिक रूप से फ़ॉरवर्ड की अनुमति नहीं दे सकते।

**26.6** आपको PETRONAS IT के सुरक्षा उपायों को अक्षम या दरकिनार नहीं करना चाहिए।

**26.7** PETRONAS IT और कम्युनिकेशन सिस्टम का इस्तेमाल करते समय, PETRONAS का व्यवसाय करते समय या PETRONAS के फ़ायदे के लिए काम करते समय, आपको अपनी पहचान को जानबूझकर छिपाकर या भ्रामक ढंग से पेश नहीं करना चाहिए। जब तक आपके पास ई-मेल अकाउंट के मालिक का उचित प्राधिकरण न हो, तब तक आप किसी अन्य व्यक्ति के ई-मेल अकाउंट का इस्तेमाल करके ईमेल मैसेज नहीं भेज सकते।

**26.8** आप ई-मेल मैसेज में फेर-बदल नहीं कर सकते या फेर-बदल करने की कोशिश नहीं कर सकते।

**26.9** आपको अवांछित ई-मेल मैसेज नहीं भेजने चाहिए या फ़ॉरवर्ड नहीं करने चाहिए।

**26.10** आपको इलेक्ट्रॉनकि मैसेजगि (जैसे SMS) या अन्य असुरक्षति मैसेजगि चैनलों के माध्यम से गोपनीय जानकारी नहीं भेजनी चाहएि। अगर ऐसा करना ज़रूरी है, तो जानकारी को सुरक्षति कयिा जाना चाहएि (जैसे कि एन्क्रप्शिन, पासवर्ड के साथ)।

**26.11** आपके HoD या PETRONAS संपर्क सूत्र की पूर्व अनुमति के बनिा PETRONAS IT सस्टिम या उपकरण में हार्डवेयर के साथ तीसरे पक्ष के सॉफ़्टवेयर का इंस्टॉलेशन या कनेक्शन प्रतबिंधति है।

**26.12** आप PETRONAS IT और कम्युनकिेशन सस्टिम का इस्तेमाल इन कामों के लिए नहीं करेंगे:

a) धोखाधड़ी के लिए;

b) नजिी व्यवसाय चलाने के लिए;

c) संबंधति सामग्री प्रदाता के बौद्धकि संपदा अधकिारों का उल्लंघन करने वाले तरीके से जानकारी देखने, डाउनलोड करने, कॉपी करने, अवैध रूप से शेयर करने, प्रोसेस करने या पोस्ट करने के लिए;

d) चेन लेटर भेजने, पैसे या उपहार की माँग करने या धर्मार्थ धन उगाहने वाले अभयिान चलाने, राजनीतकि हमियत के प्रयास करने, धार्मकि प्रयासों या नजिी गैर-PETRONAS व्यावसायकि उद्देश्यों के लिए उत्पाद बेचने के व्यक्तगित प्रस्ताव देने के लिए;

e) "साइबर अपराध" करने के लिए, जैसे कि स्पैम हमले, हैकगि, IT को नुकसान पहुँचाना, जासूसी करना और वायरस बनाना या भेजना;

f) दुर्भावनापूर्ण अफ़वाहें भेजने या अपमानजनक या अशोभनीय सामग्री प्रसारति करने के लिए; और/या

g) अन्यथा ऐसी गतविधियिों में शामलि होने के लिए, जो PETRONAS के व्यवसाय या प्रतष्ठिा को नुकसान पहुँचा सकती हैं।

**26.13** अगर आपको कसिी भी ऐसी वास्तवकि या संभावति घटना का पता चलता है या संदेह होता है, जो PETRONAS के हार्डवेयर, प्रणाली या डेटा की सुरक्षा, अखंडता, गोपनीयता, संचालन या उपलब्धता को खतरे में डाल सकती है या गोपनीय जानकारी का खुलासा कर सकती है, तो आपको तुरंत ICT सर्वसि डेस्क या अपने PETRONAS के संपर्क सूत्र से संपर्क करना होगा। आपको अनधकिृत गतविधि में शामलि होकर सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद कमज़ोरी को साबति करने का प्रयास करने की अनुमति नहीं है।

**26.14** आपको समय-समय पर PETRONAS IT और संचाल प्रणाली का इस्तेमाल इस संहिता और PETRONAS IT की अन्य नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुरूप ज़िम्मेदाराना और पेशेवराना ढंग से करना होगा, जिसमें 'PETRONAS एंटरप्राइज़ साइबर सिक्योरिटी गवर्नेंस फ्रेमवर्क' भी शामिल है, जो सूचना सुरक्षा के संरक्षण तथा प्रणाली के इस्तेमाल तथा किसी भी संबंधित सोशल मीडिया नीति के बारे में और विस्तृत तथा व्यापक दिशानिर्देश प्रदान करता है।

**26.15** स्थानीय कानूनों और विनियिमों की आवश्यकताओं के तहत, PETRONAS आपके द्वारा PETRONAS IT या संचार प्रणालियों और उपकरणों के माध्यम से भेजे गए ई-मेल और इंटरनेट के इस्तेमाल की खोज और निगरानी कर सकता है। आपको यह नहीं मानना चाहिए कि PETRONAS के संचार डिवाइस या प्रणाली का कोई भी इस्तेमाल निजी है।

**26.16** आपको समय-समय पर PETRONAS द्वारा स्थापित पासवर्ड सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, PETRONAS की सूचना प्रणालियों को अनधिकृत पहुँच से बचाने के लिए पासवर्ड और अन्य साधनों की सुरक्षा करनी होगी।

**26.17** समय-समय पर आपको इलेक्ट्रॉनिक या हार्ड कॉपी रिकॉर्ड के मामले में, रिकॉर्ड बनाए रखने के मामले में PETRONAS की नीतियों और प्रक्रियाओं का अनुपालन करना होगा।

**26.18** PETRONAS द्वारा PETRONAS कंप्यूटर प्रणाली का इस्तेमाल करने के लिए अधिकृत ठेकेदारों और अन्य पक्षों को समय-समय पर PETRONAS की IT नीतियों और ICT सुरक्षा की आधारभूत प्रक्रियाओं का अनुपालन करना होगा।

# भाग II G: कर्तव्य के वरिुद्ध आचरण करना
# नष्ठा से सेवा करना

## 27. बाहरी रोज़गार या व्यावसायकि गतविधियाँ

**27.1** एक PETRONAS कर्मचारी की हैसयित से, आपको PETRONAS के प्रतिअपने रोज़गार के दायत्विों को पूरा करने के लिए अपना समय और ध्यान समर्पति करना होगा। PETRONAS के कर्मचारी आपके HOD या आपके HR वभिाग की स्पष्ट लखिति अनुमतिके बनिा, कसिी भी क्षमता (कसिी अन्य उद्यम के प्रबंधन, नर्दिेश या आचरण में शामलि होने सहति) में दोहरा रोज़गार नहीं ले सकते।

दोहरा रोज़गार वह स्थतिहिै, जहाँ कोई कर्मचारी एक नयिोक्ता के पास पूर्णकालकि यानी फुलटाइम और वेतन पर काम करता है और दूसरे नयिोक्ता के पास पूर्णकालकि या अंशकालकि यानी पार्टटाइम रूप से अतरिक्ति नौकरी करता है।

**27.2** इस तरह की अनुमतिभी मलि सकेगी, जब आप PETRONAS को इस बात का यकीन दलिाने में सफल होंगे कदिोहरे रोज़गार वाली गतविधिPETRONAS के प्रतिआपके कर्तव्यों या आपके दायत्विों को उचति रूप से पूरा करने की राह में रुकावट नहीं बनेगी और न ही उसके साथ कोई छेड़-छाड़ करेगी।

**27.3** PETRONAS ऐसी कसिी भी अनुमतिको कसिी भी समय अपने वविकाधकिार पर बनिा कोई कारण बताए वापस ले सकता है। ऐसी स्थतिमिें, यह मान लयिा जाएगा किPETRONAS को आपकी तरफ़ से पूरा मुआवज़ा मलि गया है और उसे पहले दी गई इस अनुमतिको वापस लेने के फ़ैसले के कारण होने वाले कसिी भी परणिाम के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जाएगा।

## लाभदायक गतविधि

**27.4** PETRONAS के कर्मचारी अन्य लाभकारी गतविधि में हस्सा ले सकते हैं या कसी बाहरी व्यावसायकि गतविधियों में शामलि हो सकते हैं। अगर आप पहले से ही कसी अन्य लाभकारी गतविधि में लप्ति हैं या कसी अन्य कंपनी अथवा कंपनयों, फ़र्मों, कॉर्पोरेशन या अन्य व्यावसायकि गतविधियों के प्रबंधन या व्यावसायकि गतविधियों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शामलि हैं, तो आपको खुद ही आगे आकर अपने HoD या अपने HR वभिाग के ज़रए PETRONAS के समक्ष इस गतविधि का खुलासा करना होगा।

लाभकारी गतविधि का मतलब ऐसी कसी भी गतविधि से है, जो PETRONAS के साथ कर्मचारी के पूर्णकालकि कार्य घंटों के बाहर आयोजति की जाती है और बदले में, कर्मचारी को आर्थकि लाभ प्रदान करती है।

संदर्भ दस्तावेज़
- PETRONAS CoBE गाइड

## 28. लोक सेवा, मनोरंजन, खेल, यूनयिन और सामुदायकि गतविधियाँ

**28.1** आमतौर पर, PETRONAS आपको कार्य घंटों के बाहर अवैतनकि स्वैच्छकि सार्वजनकि सेवा, मनोरंजक गतविधियों, खेल और अन्य सामुदायकि गतविधियों में भाग लेने की अनुमति देता है। एक ओर जहाँ कार्य घंटों के बाहर ऐसी गतविधियों को प्रोत्साहति कयिा जाता है, वहीं सामान्य कार्य घंटों के दौरान ऐसी गतविधियों को आपके कर्तव्यों और ज़म्मिेदारयिों में हस्तक्षेप करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

बाहरी गतविधियों में नम्निलखिति शामलि हैं, लेकनि ये इन्हीं तक सीमति नहीं हैं:

a) ऐच्छकि सार्वजनकि सेवा: NGO गतविधियाँ।

b) मनोरंजक गतविधियाँ: लंबी पदयात्रा, गोताखोरी।

c) खेल-कूद: मैराथन, हॉकी टीम।

d) दूसरी सामुदायकि गतविधियाँ।

e) स्थानीय इकाइयाँ: RELA, JPA3, AKF(UK).

f) परषिद और सोसायटी: MAKNA, NASOM, Transparent Hands (UK)।

**28.2** सामान्य नयिम यह है कि अगर कसिी PETRONAS कर्मचारी को स्थानीय इकाइयों में सेवा देने के लिए आमंत्रति कयिा जाता है या उन्हें क्लब अधकिारी के रूप में नयिुक्त अथवा नर्िवाचति कयिा जाता है, तो उस कर्मचारी को नयिुक्ति या नर्िवाचति होने पर HR वभिाग के परामर्श से अपने HoD की तुरंत मंज़ूरी लेनी होगी और यह ज़रूरी है कि वह कर्मचारी अपने पूर्णकालकि PETRONAS रोज़गार के साथ बाहरी गतविधियों को संतुलति करे। कर्मचारी को बाहरी गतविधि में लगने वाले समय और अपने पूर्णकालकि कर्तव्यों की प्रकृति, दोनों के संबंध में अपनी दोहरी ज़म्मिेदारयिों का संतोषजनक ढंग से नर्िवाह करना होगा। सभी प्रासंगकि अवधयिों पर, कर्मचारी को सुनश्चिति करना होगा कि PETRONAS के प्रति उसके कर्तव्यों और दायत्विों के साथ-साथ PETRONAS के हतिों के साथ कोई समझौता न हो।

**28.3** PETRONAS उन कर्मचारयिों की भूमकिा को मान्यता देता है, जो कसिी ऐसे श्रमकि संघ के नर्िवाचति अधकिारी हैं, जसि PETRONAS द्वारा वधिवित मान्यता दी गई है और साथ ही श्रमकि संघ की ऐसी गतविधियों में उनकी भागीदारी को भी मान्यता देता है, जो संबंधति श्रमकि कानून के अनुपालन में हैं।

**28.4** धर्मार्थ दान, चाहे वे मौद्रिक हों या फिर PETRONAS संसाधनों (अथवा उनके नियोजन) के रूप में, उनके लिए PETRONAS की पूर्व अनुमति ली जानी चाहिए और उनका इस्तेमाल इस संहिता के किसी भी प्रावधान (खासतौर पर रिश्वत पर लागू प्रतिबंधों को) को दरकिनार करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

संदर्भ दस्तावेज़
- PETRONAS CoBE गाइड

## 29. राजनीतिक गतिविधियाँ

**29.1** PETRONAS न तो राजनीतिक दलों या व्यक्तिगत राजनेताओं का समर्थन करता है और न ही राजनीतिक गतिविधियों या पार्टी की राजनीति में भाग लेता है।

हालाँकि, PETRONAS मानता है कि कर्मचारी नागरिक होने के नाते वैध राजनीतिक गतिविधियों में लिप्त होने की इच्छा रख सकते हैं। यूँ तो PETRONAS कर्मचारियों को ऐसा करने से हतोत्साहित नहीं करना चाहता, लेकिन साथ ही यह भी नहीं चाहता है कि PETRONAS को किसी राजनीतिक दल में लिप्त करके या जोड़कर देखा जाए, इसलिए कर्मचारियों को चाहिए कि वे इस काम के लिए अपनी ड्यूटी के बाद के समय या अपने वार्षिक अवकाश के अधिकार का इस्तेमाल करें और ऐसे अवकाश का आवेदन करने से पहले मंज़ूरी लें, साथ ही ऐसे मामलों में वे यह न दर्शाएँ कि किसी राजनीतिक दल के साथ उनकी संलिप्तता PETRONAS की ओर से या उसके समर्थन से है। किसी भी स्थिति में, कर्मचारी किसी राजनीतिक दल की शाखा, प्रभाग, राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर कार्यालय प्रभारी के रूप में किसी भी तरह की नियुक्ति को स्वीकार नहीं कर सकते और कर्मचारी को ऐसी किसी भी नियुक्ति को अस्वीकार करना होगा।

**29.2** PETRONAS के हितों से समझौता न करने के लिए, जो कर्मचारी राज्य, संघीय और/या भौतिक चुनावों के लिए खड़े होना चाहते हैं, उन्हें लागू कानून की आवश्यकताओं का पालन करते हुए, PETRONAS से इस्तीफ़ा देना होगा।

**29.3** आपको PETRONAS के साथ अपने पद का इस्तेमाल किसी भी अन्य व्यक्ति (चाहे PETRONAS द्वारा रोज़गार पर रखा गया हो या न हो) को राजनीतिक योगदान देने या किसी भी देश में राजनेताओं या उनकी पार्टियों का समर्थन करने के लिए नहीं करना चाहिए।

**29.4** आप किसी भी देश में किसी भी राजनीतिक अभियान, पार्टी या राजनेता को फ़ायदा पहुँचाने के इरादे से योगदान करने के लिए PETRONAS के संसाधनों का न तो इस्तेमाल कर सकते हैं और न ही उन्हें खर्च कर सकते हैं।

**29.5** PETRONAS की सुविधाओं, उपकरणों और संसाधनों का इस्तेमाल किसी भी राजनीतिक अभियान या पार्टी के कामों के लिए नहीं किया जा सकता।

**29.6** धर्मार्थ दान का इस्तेमाल प्रतिबंधित राजनीतिक भुगतानों के विकल्प के रूप में या रिश्वत को छिपाने के लिए नहीं किया जा सकता।

## 30. अखबारों या कसिी भी तरह के प्रकाशन के संपादक के तौर पर कार्रवाई का नषिेध

**30.1** कोई कर्मचारी संपादक की हैसयित से काम नहीं करेगा या नम्निलखिति को छोड़कर, अखबार, पत्रकिाओं या जर्नल सहति कसिी भी मुद्रति या ऑनलाइन प्रकाशन के प्रबंधन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हस्सिा नहीं लेगा:

a) वभिाग या कर्मचारी प्रकाशन।

b) पेशेवर प्रकाशन।

c) गैर-राजनीतकि या स्वयंसेवी संगठनों के प्रकाशन।

HR वभिाग के परामर्श से HoD की मंज़ूरी लेना ज़रूरी है।

## 31. मीडिया में सहभागिता

**31.1** कोई कर्मचारी PETRONAS से उचित मंज़ूरी लेने के बाद अखबार, पत्रिकाओं, रेडियो या टेलीविज़न अथवा अन्य किसी भी तरह के मीडिया में किसी भी प्रकार के विज्ञापन या प्रसारण में हिस्सा ले सकता है।

**31.2** PETRONAS कर्मचारियों को किसी भी प्रकाशन (उदाहरण के लिए अखबार, पत्रिकाओं या जर्नल) में साहित्यिक या अकादमिक लेखों का योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करता है, बशर्ते आपने अपने HoD से पूर्व लिखित अनुमति ली हो।

**31.3** कर्मचारियों को हर समय निम्नलिखित बातों का ध्यान रखना होगा और इनका पालन करना होगा:

a) वे अपने निजी सोशल मीडिया अकाउंट या किसी भी अन्य अकाउंट पर PETRONAS की गोपनीय जानकारी का खुलासा नहीं कर सकते, जैसे कि टिप्पणियों के ज़रिए।

b) उन्हें PETRONAS और अन्य संगठनों या लोगों के कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और बौद्धिक संपदा अधिकारों का ध्यान रखना होगा।

c) उन्हें PETRONAS के ब्रांड और प्रतिष्ठा की रक्षा करनी होगी और PETRONAS पर सामग्री प्रकाशित करते समय अखंडता और व्यावसायिकता के सिद्धांतों का पालन करना होगा।

d) जब तक वे नामित या नियुक्त किए गए (अधिकृत) प्रवक्ता न हों, तब तक वे PETRONAS की ओर से कोई भी बयान नहीं दे सकते।

सभी कर्मचारी सोशल मीडिया पर की जाने वाली अपनी पोस्ट के लिए ज़िम्मेदार हैं, चाहे वे PETRONAS से संबंधित हों या किसी अन्य विषय से। अगर किसी भी सोशल मीडिया गतिविधि का PETRONAS की छवि और प्रतिष्ठा पर कोई बुरा असर पड़ता है, तो PETRONAS को आवश्यक अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार है।

# भाग II H: प्रकटीकरण के कर्तव्य

## 32. नयिम भंग होने की घटनाओं और उल्लंघनों की रपिोर्ट करना आपका कर्तव्य है

**32.1** अगर आपको इस संहति के उल्लंघन या संभावति उल्लंघन के बारे में पता चलता है या आपको PETRONAS की अन्य नीतियों या अन्य कानूनी शर्तों के उल्लंघन की जानकारी मलिती है, तो आपको तुरंत HoD या HR वभिाग या अपने PETRONAS के संपर्क सूत्र को इसकी लखिति रपिोर्ट करनी होगी।

**32.2** आप अपने न्यायक्षेत्र के लिए अपनाई गई PETRONAS की व्हसिलब्लोइंग नीति में दी गई प्रक्रयिाओं का इस्तेमाल करके भी कसिी कथति या संदग्धि अनुचति आचरण का खुलासा कर सकते हैं।

**32.3** अगर आप गलत इरादे के बनिा ऊपर बताए गए तरीके से सद्भावना और वश्विास के साथ रपिोर्ट या खुलासा करते हैं क कोई नयिम तोड़ा गया है या कोई उल्लंघन हुआ है अथवा होने वाला है, तो आपको दंडति नहीं कयिा जाएगा या कसिी भी प्रकार से प्रताड़ति नहीं कयिा जाएगा अथवा आप पर प्रतशिोध की भावना से कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब भी नहीं, जब छानबीन के बाद पता चले क आपने गलती से ऐसा कर दयिा था। इस संहति के दायरे में आने वाला कोई भी व्यक्त अगर कसिी ऐसे व्यक्त के खलिाफ़ बदले की भावना से कोई कदम उठाता है, जसिने बनिा कसिी गलत इरादे के ऊपर बताए गए तरीके से रपिोर्ट की है या खुलासा कयिा है, तो इस तरह की हरकत को प्रतबिंधति करार देते हुए गंभीर कदाचार की संज्ञा दी जाएगी और बदले की भावना से कदम उठाने वाले व्यक्त के खलिाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसमें ज़ाहरि तौर पर की जाने वाली कार्रवाइयाँ, जैसे क नौकरी से नकिालना, तबादला करना, पदावनत करना या सार्वजनकि रूप से कसिी पर हमला करना तथा सूक्ष्म प्रतशिोध, जैसे क कसिी की उपेक्षा करना, उन्हें पेशेवर या सामाजकि गतविधियिों में शामलि न करना वगैरह जैसे कृत्य शामलि हैं।

**32.4** इस सेक्शन 32 के प्रावधानों का उद्देश्य आपकी समूह कंपनी की शकिायत प्रक्रयिाओं और/या अनुशासनात्मक कार्रवाई के तरीकों और प्रक्रयिाओं को अमान्य करना नहीं है और वे आपके न्यायक्षेत्र के लिए लागू प्रक्रयिाओं और प्रतबिंधों के अधीन हैं।

संदर्भ दस्तावेज़
- PETRONAS CoBE गाइड
- PETRONAS की व्हसिलब्लोइंग नीति

## 33. अतभिुगतानों का प्रकटीकरण

अगर आपको लगता है कि आपको अपने वेतन, भत्ते, खर्च, क्लेम या अन्य मुआवज़े अथवा फ़ायदों का आपके हक से ज़्यादा भुगतान मलिा है, तो आपको तुरंत अपने वरषि्ठ अधकिारी और ऐसे भुगतानों या फ़ायदों के लिए ज़म्मिेदार वभिाग को सूचति करना होगा और PETRONAS को ऐसा कोई भी अतभिुगतान तुरंत रफ़िंड करना होगा। अगर आप रफ़िंड नहीं करते, तो PETRONAS को आपसे ऐसे अतभिुगतानों की वसूली करने का अधकिार होगा।

# भाग III:

# कार्यस्थल की संस्कृति और परिवेश

## 1. कार्यस्थल में सुरक्षित और अनुकूल कार्य परिवेश का महत्त्व

PETRONAS आपके साथ मिलकर कार्यस्थल में एक सुरक्षित और अनुकूल संस्कृति वि माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ आपसी और पारस्परिक सम्मान, विश्वास और आत्मविश्वास के मूल्यों को बरकरार रखा जाता है और उन्हें सक्रियता से बढ़ावा दिया जाता है।

संदर्भ दस्तावेज़
- PETRONAS CoBE गाइड

## 2. अनुचित भेदभाव

**2.1** PETRONAS कार्यस्थल या नौकरी में अनुचित भेदभाव बरदाश्त नहीं करेगा।

**2.2** आपको अपने स्थानीय न्यायक्षेत्र के उन कानूनों का अनुपालन करना होगा, जो कार्यस्थल में होने वाले भेदभाव पर रोक लगाते हैं।

**2.3** PETRONAS अपने रोज़गार या भर्ती के तौर-तरीकों में किसी भी व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं करता। इसमें नस्ल, जातीयता, रंग, उम्र, लिंग, लैंगिक पहचान या अभिव्यक्ति, यौन रुझान, राजनीतिक मान्यताओं, नागरिकता, मूल राष्ट्रीयता, धर्म, दिव्यांगता, अभिभावकीय स्थिति, आर्थिक/ वर्ग की स्थिति अथवा विशिषता के आधार पर किए जाने वाले भेदभाव शामिल हैं, जो व्यक्ति की योग्यता या नौकरी के उस पद की आवश्यकताओं से संबंधित नहीं हैं, जिनके लिए वह आवेदन कर रहा/ रही है।

## 3. चिरस्थायी विकास

**3.1** PETRONAS आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक रूप से ज़िम्मेदार प्रयासों के ज़रिए दुनिया की बढ़ती ऊर्जा ज़रूरतों को पूरा करने में मदद करने के लिए चिरस्थायी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

**3.2** आपको स्थायी सामाजिक लाभ पैदा करने का लक्ष्य रखना चाहिए, कर्मचारियों, ठेकेदारों और पड़ोसियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा की हिफ़ाज़त करनी चाहिए, समुदाय की राह में आने वाली रुकावटों और उत्सर्जन को कम करना चाहिए; इकोसिस्टम और जैव विविधता पर होने वाले दुष्प्रभावों को कम करना चाहिए; और ऊर्जा, पानी तथा अन्य संसाधनों का अधिक कुशलता से उपयोग करना चाहिए।

## 4. ड्रेस कोड

कार्यालय में कामकाज के घंटों के दौरान, सभी कर्मचारियों को साफ़-सुथरे, उचित ढंग से और शालीनता से कपड़े पहनने चाहिए। सभी कर्मचारियों को संबंधित मानव संसाधन विभाग द्वारा प्रदान किए गए पोशाक से संबंधित और भी विशिष्ट नियमों का अनुपालन करना चाहिए।

संदर्भ दस्तावेज़
- PETRONAS CoBE गाइड

## 5. यौन उत्पीड़न

**5.1** कर्मचारियों की शारीरिक, भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक बेहतरी को बढ़ावा देना PETRONAS का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है। इस संबंध में, PETRONAS एक अनुकूल कार्य परिवेश प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहाँ आपको यौन उत्पीड़न के सभी रूपों और अवांछित या अनुचित यौन प्रस्तावों तथा प्रयासों से सुरक्षित रखने के आपके अधिकार का आश्वासन दिया जाता है।

**5.2** यौन उत्पीड़न, अवांछित और अनुचित यौन प्रस्तावों तथा प्रयासों को कदाचार माना जाएगा।

**5.3** इस सेक्शन 5 के उद्देश्य के लिए, "यौन उत्पीड़न" का आशय:

ऐसे किसी भी अवांछित या अनचाहे अथवा गैर-अनुरोधित या अपारस्परिक कामुक आचरण से है, जिसका प्राप्तकर्ता पर मौखिक, अमौखिक, दृष्टिगत, मनोवैज्ञानिक या शारीरिक उत्पीड़न जैसा प्रभाव पड़ सकता है:

a) जिसे प्राप्तकर्ता द्वारा उचित आधार पर अपने रोज़गार के लिए यौन प्रकृति की एक शर्त के रूप में देखा जा सकता है; और/या

b) जिसे प्राप्तकर्ता द्वारा उचित आधार पर अपराध या अपमान अथवा अपनी कुशलता के लिए खतरे के रूप में देखा जा सकता है।

कार्यस्थल में होने वाले यौन उत्पीड़न के तहत कार्यस्थल के बाहर होने वाले यौन उत्पीड़न के वे मामले भी शामिल हैं, जो रोज़गार की ज़िम्मेदारियों या रोज़गार संबंधों के परिणामस्वरूप किए जाते हैं। जिन परिस्थितियों में इस तरह के रोज़गार संबंधी यौन उत्पीड़न हो सकते हैं, उनमें ये शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- कामकाज से संबंधित सामाजिक फ़ंक्शन में।
- कार्यस्थल के बाहर वर्क असाइनमेंट के दौरान।
- कामकाज से संबंधित सम्मेलनों या प्रशिक्षण सत्रों में।
- कामकाज से संबंधित यात्रा के दौरान।
- फ़ोन पर।
- इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के ज़रिए।

## 6. गैर-व्यावसायिक कार्यस्थल संबंध

**6.1** जब कर्मचारियों के रिश्ते पेशेवर संबंधों और सामाजिक मित्रता के परे होते हैं, तो इस तरह के संबंध हितों के टकराव को जन्म देने के साथ-साथ शोषण, पक्षपात या पूर्वाग्रह की गुंजाइश पैदा कर सकते हैं। इस तरह के संबंध कर्मचारियों के बीच सम्मान और विश्वास जैसे प्रमुख मूल्यों को भी कमज़ोर कर सकते हैं और PETRONAS की प्रतिष्ठा और अखंडता पर असर डाल सकते हैं। इस तरह के संबंध, संबंधित पक्षों के साथ-साथ PETRONAS के अन्य सह-कर्मचारियों के लिए असंतोष, असमानता और भारी परेशानियों की संभावना पैदा करते हैं। इन परिस्थितियों में, इस तरह के संबंध बनाने से बचना चाहिए। आपके रोज़गार से जुड़ी आवश्यकताएँ कार्यस्थल में बनाए जाने वाले रिश्तों के मामले में अतिरिक्त शर्तें लागू कर सकती हैं।

**6.2** जब आप किसी ऐसे व्यक्ति को प्रबंधित करते हैं जिसके साथ आपका पारिवारिक, रोमांटिक या घनिष्ठ संबंध है, तो हितों का एक बुनियादी टकराव पैदा होता है। यहाँ तक कि अगर आप अपना काम ठीक से करते हैं, तो भी माना जा सकता है कि आपका संबंध आपके फ़ैसले को प्रभावित करता है। तदनुसार, PETRONAS के कर्मचारी या निदेशक के रूप में, आप प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, ऐसे किसी भी कर्मचारी की निगरानी नहीं कर सकते हैं, जिनके साथ आपका ऐसा संबंध है। ऐसी स्थिति आने पर आपको HR विभाग (या, निदेशकों के मामले में, संबंधित कंपनी सचिव) के परामर्श से अपने HoD को इसकी लिखित सूचना देनी होगी।

## 7. पेशागत स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण

**7.1** PETRONAS अपने संयंत्रों में काम करने वाले सभी कर्मचारियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल प्रदान करने और पर्यावरण पर अपने संचालन के पड़ने वाले असर को कम करने के लिए प्रतबिद्ध है।

**7.2** PETRONAS के परसिर में मौजूद सभी लोगों को PETRONAS द्वारा जारी कएि गए मैन्युअल, हैंडबुक और दस्तावेज़ों में उल्लखिति सभी HSE आवश्यकताओं, उपायों, कार्य नयिमों और संचालन की मानक प्रक्रयिाओं के साथ-साथ सभी लागू कानूनों और नयिमों का का ईमानदारी और पूरी लगन से ठीक वैसे ही पालन करना होगा, जैसे उन्हें समय-समय पर संशोधति और अपडेट कयिा जाता है।

PETRONAS के परसिर में मौजूद सभी को उद्योग के अच्छे तौर-तरीके अपनाकर अपशषि्ट को कम करने, पुन: उपयोग करने, रीसायकल करने और रकिवर करने का प्रयास करना चाहए।

## 8. मादक पदार्थों का दुरुपयोग (नशीली दवाओं और शराब का दुरुपयोग)

**8.1** मादक पदार्थों का दुरुपयोग (जैसा कि धारा 8.3 में परिभाषित किया गया है) काम के प्रदर्शन को खराब कर सकता है और स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा पर्यावरण के लिए खतरा हो सकता है। इसलिए, PETRONAS की नीति के तहत हमारे परिसर के अंदर या फिर हमारा व्यवसाय संचालित करते समय किसी भी नशीले पदार्थ के अनधिकृत सेवन, ताबे, वितरण, खरीदी या बिक्री या उसके दुरुपयोग के साथ-साथ ऐसे किसी भी नशीले पदार्थ के प्रभाव में काम करने की सख्त मनाही है। इस संबंध में, इस संहिता के दायरे में आने वाले सभी व्यक्तियों को PETRONAS द्वारा जारी की जाने वाली मादक पदार्थों के दुरुपयोग से संबंधित नीतियों और प्रक्रियाओं का पूरी ईमानदारी से सम्मान करना होगा और उनका पालन करना होगा। ये नीतियाँ और प्रक्रियाएँ समय-समय पर संशोधित और अपडेट की जाती हैं और इनकी प्रतियाँ 'सामूहिक स्वास्थ्य', 'सुरक्षा और पर्यावरण' विभाग के पास उपलब्ध हैं। जाँच में पाई गई किसी बीमारी के इलाज के लिए कानूनी रूप से निर्दिष्ट साइकोएक्टिव दवाओं का सेवन करने की अनुमति है, लेकिन इनका सेवन करने से पहले संबंधित परिसरों या गतिविधि का प्राधिकार रखने वाले PETRONAS के प्रबंधन की पूर्व मंज़ूरी लेना ज़रूरी है।

**8.2** इस नीति का पालन सुनिश्चित करने के लिए, PETRONAS अपनी नीतियों के अनुसार और लागू कानूनों की आवश्यकताओं के तहत अप्रत्याशित परीक्षण करवा सकता है और दुरुपयोग किए जाने वाले पदार्थों के लिए तलाशी ले सकता है।

इस संहिता के दायरे में आने वाले किसी भी व्यक्ति के पास अगर कोई भी नशीला पदार्थ अनधिकृत रूप से पाया जाता है या अगर ऐसे व्यक्ति की जाँच के परिणामों से पता चलता है कि उन्होंने नशीले पदार्थ का सेवन किया है, तो उन्हें कदाचार का दोषी माना जाएगा, जिसके लिए उनके खिलाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है और यहाँ तक कि नौकरी से निकाला भी जा सकता है। हम जहाँ व्यवसाय संचालित करते हैं वहाँ के न्यायक्षेत्र के स्थानीय कानूनों के तहत, कर्मचारियों को PETRONAS द्वारा जारी किए गए संबंधित दस्तावेज़ों पर हस्ताक्षर करके PETRONAS द्वारा अधिकृत किसी भी व्यक्ति द्वारा तलाशी या प्रयोगशाला द्वारा किए जाने वाले परीक्षण के लिए सहमति देनी होगी। इसके अलावा, इस तरह के परीक्षण से गुज़रने वाले कर्मचारियों को PETRONAS को परिणाम जारी करने के लिए सहमति देनी होगी।

**8.3** इस संहिता के तहत, "मादक पदार्थों के दुरुपयोग" के तहत कोई भी अवैध दवा, इथेनॉल युक्त मादक पेय पदार्थ, ऐसी वैध साइकोएक्टिव दवाएँ जिन्हें बिना डॉक्टर की वैध पर्ची के बिना हासिल या इस्तेमाल किया गया जाए और वैध रूप से निर्दिष्ट ऐसी साइकोऐक्टिव दवाएँ शामिल हैं, जिनका इलाज या इस्तेमाल की निर्दिष्ट सीमा के परे जाकर सेवन किया जाता है।

**8.4** इस संहिता के तहत, “मादक पदार्थों के दुरुपयोग” के तहत कोई भी अवैध दवा, इथेनॉल युक्त मादक पेय पदार्थ, ऐसी वैध साइकोएक्टिव दवाएँ जिन्हें बिना डॉक्टर की वैध पर्ची के बिना हासिल या इस्तेमाल किया गया जाए और वैध रूप से निर्दिष्ट ऐसी साइकोऐक्टिव दवाएँ शामिल हैं, जिनका इलाज या इस्तेमाल की निर्दिष्ट सीमा के परे जाकर सेवन किया जाता है।

## 9. पैसा उधार लेना

**9.1** आप किसी भी परिस्थिति में, अपने अधीनस्थ, PETRONAS के ठेकेदारों, उपठेकेदारों, विक्रेताओं, सलाहकारों या आपूर्तिकर्ताओं या PETRONAS के साथ लेन-देन करने वाली किसी अन्य इकाई से उधार नहीं लेंगे, पैसों का अनुरोध नहीं करेंगे या उन्हें उधार नहीं देंगे।

**9.2** पूर्वगामी और आपके लिए लागू देश-विशिष्ट पूरक में निर्धारित किसी भी प्रतिबंध के अधीन, आप किसी भी व्यक्ति से पैसे उधार ले सकते हैं या किसी भी उधार लेने वाले के लिए ज़मानत या गारंटर के रूप में खड़े हो सकते हैं, बशर्ते आप खुद किसी भी तरह से किसी ऐसे व्यक्ति के लिए गंभीर दायित्व स्वीकार न करें:

a) जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से आपके आधिकारिक प्राधिकार के अधीन है।

b) जिनके साथ आपका आधिकारिक लेन-देन हुआ है या होने की संभावना है।

## 10. कार्यस्थल पर डराना-धमकाना और प्रताड़ित करना

**10.1** PETRONAS कार्यस्थल या नौकरी में डराने-धमकाने और उत्पीड़न जैसे कृत्य बरदाश्त नहीं करेगा।

**10.2** कार्यस्थल पर धमकाने का आशय लगातार किए जाने वाले आक्रामक, अप्रिय, डराने वाले या अपमानजनक व्यवहार से है, जिससे पीड़ित व्यक्ति परेशान, खतरा, अपमानित या असुरक्षित महसूस करता है।

**10.3** डराने-धमकाने का यह कृत्य कार्यस्थल पर किसी व्यक्ति या लोगों के समूह द्वारा मौखिक, शारीरिक, सामाजिक या मनोवैज्ञानिक रूप से किया जा सकता है।

**10.4** उत्पीड़न सोचे-समझे तरीके से और/या लगातार किया जाता है, जहाँ किसी को अवांछित ढंग से शारीरिक, मौखिक या गैर-मौखिक कृत्यों से परेशान किया जाता है। इसमें पीड़ित व्यक्ति की वैवाहिक स्थिति, लिंग, धर्म या आस्था, उम्र, नस्ल या दिव्यांगता को निशाना बनाया जाता है, जिससे काम करने वाले व्यक्ति की गरिमा प्रभावित होती है और डर, शत्रुता, अप्रियता, अपमान और आक्रामकता का माहौल बन जाता है।

**10.5** कार्यस्थल पर धमकी देने और प्रताड़ित करने का उदाहरण

a) मौखिक उत्पीड़न: किसी व्यक्ति को बदनाम करना, उसका उपहास करना या उसे अथवा उसके परिवार को बदनाम करना, बार-बार किसी नाम से चिढ़ाना या उस व्यक्ति का इस तरह मज़ाक उड़ाना, जिससे उसे तकलीफ़, शर्मिंदगी, अपमान या बेइज़्ज़ती महसूस हो सकती है या बुरा लग सकता है और किसी व्यक्ति पर अप्रिय छींटाकशी करना।

b) शारीरिक उत्पीड़न: धक्का-मुक्की, धकेलना, लात मारना, कोंचना, गिराना, हमला करना, शारीरिक चोट पहुँचाने की धमकी देना, किसी व्यक्ति के काम करने की जगह या उसकी प्रॉपर्टी को नुकसान पहुँचाना।

c) इशारों से उत्पीड़न: बिना कुछ कहे धमकी भरे इशारे करना, ऐसी नज़रों या भावों से देखना, जिससे सामने वाले को डराए जाने या शत्रुता का एहसास हो।

d) बहिष्कृत करना: किसी व्यक्ति को सामाजिक या शारीरिक रूप से बहिष्कृत करना, उन्हें अलग-थलग करना या कामकाजी गतिविधियों में उसकी उपेक्षा करना।

e) इंटरनेट पर डराना-धमकाना।

f) दूसरों के साथ बुरा बर्ताव करना: अपने पद का इस्तेमाल करके दूसरों के साथ बुरा सलूक या दुर्व्यवहार करना।

g) दूसरों को बदनाम करना, अपमानित करना या उनकी साख खराब करना।

## 11. मानवाधिकार

**11.1** PETRONAS अपने संचालन के सभी क्षेत्रों में मानवाधिकारों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है और मानवाधिकारों के लिए हमारी यह प्रतिबद्धता PETRONAS के लिए या उसकी ओर से काम करने वाले सभी कर्मचारियों और तीसरे पक्षों तथा PETRONAS के परिसर में मौजूद किसी भी अन्य व्यक्ति पर लागू होती है।

**11.2** आप बाल श्रमिकों का इस्तेमाल नहीं करेंगे और सिर्फ़ ऐसे लोगों को नौकरी पर रखेंगे, जो उस देश या उन देशों के कानून द्वारा निर्धारित काम करने की न्यूनतम आयु की शर्त को पूरा करते हैं।

**11.3** आप मानव तस्करी या आधुनिक दासता जैसे कृत्यों में न तो लिप्त होंगे और न ही उसका समर्थन करेंगे, जिसमें बलात्, बंधुआ या अनैच्छिक श्रम शामिल हैं।

**11.4** आपको PETRONAS द्वारा आवश्यक सभी प्रशिक्षणों/ब्रीफ़िंग में भाग लेना होगा।

# भाग IV:

# अनुशासन, अनुशासनात्मक प्रक्रिया और प्रतिबंध

## 1. अच्छे आचरण और अनुशासन का महत्त्व

1.1 PETRONAS के कर्मचारियों के बीच अनुशासन, अच्छे आचरण और शिष्टाचार का बने रहना हमारे व्यवसाय या उद्यम को सुचारू ढंग से चलाने के लिए महत्त्वपूर्ण है और PETRONAS व उसके कर्मचारियों के सामान्य हित में है।

1.2 "कदाचार" का आशय कर्तव्यों या काम के संदर्भ में अनुचित व्यवहार या किसी ऐसे कृत्य अथवा आचरण से है, जो PETRONAS के प्रति दायित्वों के उचित निर्वाह से असंगत है और इसमें इस संहिता के अनुशासन को भंग करने या उल्लंघन करने अथवा PETRONAS की किसी भी हैंडबुक, नीति अथवा प्रक्रिया वक्तव्य या अन्य किसी भी दस्तावेज़ में दिए गए नियमों और विनियमों का उल्लंघन करने जैसे कार्य शामिल हैं।

1.3 निम्नलिखित कृत्यों को कदाचार के रूप में देखा जाएगा, जिसके लिए इस संहिता के दायरे में आने वाले व्यक्ति पर लागू कानून की शर्तों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी:

i. अवज्ञा।

ii. शिथिलता।

iii. अनुपस्थिति।

iv. हिंसक व्यवहार या हिंसक व्यवहार की धमकियाँ (इसमें कर्मचारियों, ग्राहकों, ठेकेदारों या PETRONAS के परिसर में आने वाले आगंतुकों पर हमला या उनके साथ लड़ाई करने जैसे कृत्य शामिल हैं)।

v. चोरी, धोखाधड़ी, दुरुपयोग।

vi. बेईमानी करना या ऐसा आचरण करना, जिससे बेईमानी का संदेह हो।

vii. किसी को PETRONAS की संपत्ति चुराने के लिए उकसाना या उनकी सहायता करना।

viii. कर्तव्य पूरा करने में लापरवाही, उपेक्षा या ढिलाई से काम लेना।

ix. काम करते वक्त सोना।

x. PETRONAS की संपत्ति को जानबूझकर नुकसान पहुँचाना।

xi. उचित अनुमति के बिना कामकाज के घंटों के दौरान कार्यस्थल से बाहर निकलना।

xii. कार्यस्थल पर अनुचित यौन आचरण।

xiii. काम करते वक्त नशे में रहना या नशे की वजह से ठीक से काम न कर पाना।

xiv. दूसरे कर्मचारियों के लिए साइन इन करना या साइन आउट करना।

xv. यौन उत्पीड़न।

xvi. कार्यस्थल पर डराना-धमकाना और उत्पीड़न करना।

xvii. दूसरे कर्मचारियों को उनके कर्तव्यों का पालन करने से रोकना।

xviii. PETRONAS के परिसर में जुआ खेलना।

xix. सुरक्षा संबंधी सावधानियों या नियमों की अवहेलना करना अथवा PETRONAS के परिसर में या उसके आस-पास लगे किसी भी सुरक्षा डिवाइस के साथ हस्तक्षेप या छेड़-छाड़ करना।

xx. अवैध या अनैतिक कामों में लिप्त होना, जैसे रिश्वत लेना या देना अथवा मौद्रिक या अन्य प्रकार से तुष्टि का कोई भी अवैध साधन प्राप्त करना।

xxi. PETRONAS की अनुमति के बिना, PETRONAS की सेवा में रहते हुए अन्य रोज़गार/व्यवसाय में लिप्त होना।

xxii. ऐसा कोई भी काम करना, जो PETRONAS की छवि या प्रतिष्ठा पर बुरा असर डाल सकता है।

xxiii. PETRONAS के कंप्यूटर और दूरसंचार प्रणालियों का दुरुपयोग (उदाहरण के लिए, कामकाज से संबंध न रखने वाली इंटरनेट साइटों (जैसे सोशल नेटवर्किंग वेबसाइट), अश्लील साइटों को एक्सेस करना और कंप्यूटर हार्डवेयर या सॉफ़्टवेयर का अनधिकृत उपयोग या उनके साथ जानबूझकर छेड़-छाड़ करना)।

xxiv. PETRONAS की व्हिसिलब्लोइंग नीति के तहत संरक्षित लोगों खिलाफ़ बदले की भावना से कार्रवाई करना।

xxv. इस तरह का आचरण करना, जिसे कार्यकुशलता में कमी का नाम दिया जा सकता है।

xxvi. इस संहिता के तहत बताई गई किसी भी नीति या प्रतिबंधों का उल्लंघन करना।

xxvii. इस संहिता में बताई गई नीतियों और प्रतिबंधों की अवहेलना के उपाय करना।

xxviii. PETRONAS के व्यवसाय और संचालन पर लागू होने वाले सभी कानूनों और विनियिमों का पालन करने में नाकाम रहना।

xxix. PETRONAS की स्थापति नीतियों, नयिमों और प्रक्रयिाओं का पालन करने में नाकाम रहना, जसिमें प्राधकिरण की सीमाएँ (LOA) और PETRONAS के तकनीकी मानक शामलि हैं, लेकनि इन्हीं तक सीमति नहीं हैं।

xxx. आपराधकि न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया जाना।

xxxi. कसिी भी अनुशासनात्मक मुद्दे या कदाचार के खलिाफ़ कदम उठाने में नाकाम अथवा वफिल रहना।

xxxii. रोज़गार या उसके सबमशिन के दौरान कसिी भी दस्तावेज़ को फ़र्ज़ी बनाना/छेड़-छाड़ करना/बदलना।

xxxiii. रोज़गार से पहले या रोज़गार के दौरान झूठी घोषणा करना।

xxxiv. जानबूझकर जानकारी को रोककर रखना, यानी कंपनी द्वारा की जा रही छानबीन के दौरान महत्त्वपूर्ण जानकारी का खुलासा करने में वफिल रहना।

1.4 कदाचार के प्रकारों की उपर्युक्त सूची को संपूर्ण नहीं माना जाना चाहिए और, संदेह से बचने के लिए आपको बता दें कि उक्त सूची ऊपर भाग IV की धारा 1.2 में बताए गए कदाचार के अर्थ से अलग नहीं है।

1.5 लागू कानून की आवश्यकताओं के तहत, कदाचार के लिए या ऐसे कानूनों, विनियिमों, नयिमों और प्रक्रयिाओं का पालन न करने के लिए इस संहिता के दायरे में आने वाले कसिी भी व्यक्ति के खलिाफ़ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है।

## 2. अनुशासनात्मक प्रक्रिया और प्रतिबंध

आपके न्यायक्षेत्र के लिए संबंधित अनुशासनात्मक प्रक्रियाओं और कार्रवाइयों से संबंधित प्रावधानों को देश-विशिष्ट पूरक में निर्दिष्ट किया गया है। अगर आपके न्यायक्षेत्र के लिए इस तरह के पूरक में कोई भी प्रावधान निर्दिष्ट नहीं किया गया है, तो आपके न्यायक्षेत्र में कंपनी की नीति का उल्लंघन करने के मामलों से निपटने के लिए निर्धारित मानक अनुशासनात्मक नियम और प्रथाएँ लागू होंगी और हर मामला में लागू कानून की आवश्यकताओं के अधीन होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी HR विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

**PETROLIAM NASIONAL BERHAD (PETRONAS)**
197401002911 (20076-K)

कानूनी अनुपालन विभाग
ग्रुप लीगल
Level 65, Tower 1, PETRONAS Twin Towers, Kuala Lumpur City Centre,
50088 Kuala Lumpur, Malaysia

किसी भी प्रश्न के लिए, कृपया CoBE हॉटलाइन से संपर्क करें:
**cobe@petronas.com.my**

**www.petronas.com**